माँ तू मेरी प्यारी

माँ तू मेरी प्यारी माँ माँ तू जग से न्यारी माँ,
सब दुःख दर्द की चाबी है मुस्कान चेहरे की मेरी माँ,
माँ तू मेरी प्यारी माँ.....

तू मेरी तक़दीर है पर माँ मैं तक़दीर का मारा हूँ,
तू मेरी हर सांस में है माँ और मैं तेरा सहारा हूँ,
याद करूँ जब दिन बचपन के आँख से आंसू बहते हैं,
कहाँ गया बचपन वो जाने आँख के आंसू कहते हैं,
माँ तू मेरी प्यारी माँ माँ तू जग से न्यारी माँ.....

तू मेरे जीवन की गाथा मैं तेरा राजदुलारा हूँ,
तेरी ममता है संग मेरे मैं तेरी आँख का प्यारा हूँ,
दुनिया ढूंढे जिन खुशियों को तुझमे मैंने पाया है,
मेरा मुझ में कुछ ना बाकी खुद में तुझे समाया है,
माँ तू मेरी प्यारी माँ माँ तू जग से न्यारी माँ.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27974/title/maa-tu-meri-pyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |